स्टेटवाइडपेरेंटएड़वोकेसी नेटवर्क
३५ हैल्सीस्ट्रीट, चौथी मंजिल, नेवार्क, न्यू जर्सी ०७१०२
फोन: ९७३-६४२-८१०० (973-642-8100)
फैक्स: ९७३-६४२-८०८० (973-642-8080)
टोलफ्री: १-८००-६५४- SPAN/ (1-800-654-SPAN)
इमेल : span@spannj.org

Statewide Parent Advocacy Network

*सशक्त परिवार: शिक्षित,प्रवृत्त, प्रभावी!*

# विशेष आवश्यकताओं वाले किशोरों के लिए स्वास्थ्य चिकित्सा में "परिवर्तन" का सारांश

वर्तमान में अपने बच्चे के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए जब आप बाल-चिकित्सक सेमिलते हैं, तो वे बच्चों की देखभाल के लिए प्रशिक्षित होते है। जब आपका बच्चा एक वयस्क बन जाता है, तो उसेवयस्कों के लिए प्रशिक्षित चिकित्सक के पास जाना पड़ेगा। बाल-चिकित्सक से वयस्कों की स्वास्थ्य- सेवा का परिवर्तन एक विशेष आवश्यकताओं वाले किशोर या युवा -वयस्क के लिए कठिन हो सकता है। साथ ही नए कार्यक्रमों में परिवर्तन भी कठिन साबित हो सकता है।एक अभिभावक के रूप में आप केवल अपने किशोरों के अधिवक्ता न बन कर, उन्हें प्रोत्साहित करें कि वे अपने सर्वोताम क्षमता से अपना पक्ष रखना सीखें, जिसमें अपने डॉक्टर से बात करना सम्मिलित है। (http://hctransitions.ichp.edu/gladd/.पर 'टॉकटूयौर डॉक्टर विडियो देखें)।
योजना बना कर यह सीखना, कि स्वस्थ रहने के लिए क्या करने की जरूरत है, और अपने स्वास्थ्य चिकित्सक और लोगों का समर्थन लेना वयस्क जीवन और सुमुदाय में जीने के इस परिवर्तन को आसान कर देगा। किशोर के १८ वर्ष के होने से कई महीनों पूर्व ही यह ज़रूरी है कि वयस्क सेवाओं और कार्यक्रमों के लिए आवेदन दिया जाना चाहिए। स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक सेवाओं (जैसे मेडिकलरिकॉर्ड, व्यक्तिगत शिक्षा योजना, आवास योजना आदि) की प्रतियां अपने साथ ही रखें, क्योंकि वयस्क सेवाओं के लिए आवेदन देते वक्त आपको इन्हें जमा करने के लिए कहा जा सकता है। सामान्यतः, यह ध्यान रहे, कि कार्यक्रमों और सेवाओं के लिए आवेदन देते वक्त, संस्थाओं के प्रतिनिधियों का नाम और उनकी संपर्क जानकारी लिख लें और आवेदन की प्रतियाँ साथ रखें। महत्वपूर्ण दस्तावेजों को डाक से भेजते वक्त वापसी रसीद विधि का उपयोग करें क्योंकि आपको आपके बच्चे की पात्रता एवं शुरुआत कि तारीख बताने वाले पत्र की प्राप्ति होगी।

वयस्कता में अवस्थांतर की योजना बनाने के लिए आप और आपका किशोर जिन कार्यक्रमों और सेवाओं का पता लगाना चाहें, उनके उदाहरण और वयस्क - देखभाल में अवस्थांतर के लिए सहायक संकेत निम्नलिखित हैं ।

**नौकरी के माध्यम से चिकित्सा बीमा**: अगर आपके बच्चे को विकासात्मक अक्षमता है (Developmental Disabilities -डी.डी.) है और वह आपके परिवार के स्वास्थ्य योजना के अन्तर्गत सम्मिलित है, तो अपने नियोक्ता या बीमा कंपनी से "सर्टिफ़िकेशनऑफ़डिसएबिलिटीफ़ॉर द हॅन्डिकॅप्ड्प्रोविज़नफ़ॉर्म" ("विकलांग प्रावधान के लिए विकलांगता का प्रमाणपत्र") के लिए पूछें । जब तक वहाँ काम करते हों, यह प्रावधान बिना अतिरिक्त मुल्य दिए, बीमा को आपके बच्चे के वयस्क्ता में पहुँचने तक जारी रखा जा सकता है। हालांकि पात्रता घोषित करने के लिए कुछ मानदण्डलागु होते हैं- जैसे कि आपके बच्चे का "आत्मनिर्भर रोजगार," संचालित करने की अक्षमता, आवेदन के समय उसकी उम्र/आश्रित स्थिति और यह कि क्या वह स्वास्थ्य योजना में नामांकित हैं कि नहीं । यह भी पता लगाएं कि आपके नियोक्ता के पास दंत चिकित्सा, दृष्टि, या डॉक्टर के पर्चे की व्याप्ति के लिए अलग योजना है या नहीं।

कंसोलिडेटेड़ओम्नीबसरिकंसिलिएशनएक्ट (कोबराCOBRA ) एक अन्य संसाधन है जो माता-पिता को व्याप्ति की पूरी लागत का भुगतान करके अपने बच्चे की व्याप्ति को जारी रखने का विकल्प देती है। यदि आपके बच्चे को स्थायी विकलांगता है तो आप उसकी व्याप्ति बिना अतिरिक्त मूल्य दिए नामित फार्म को समय से जमा करा के  जारी रख सकते हैं ।

न्यु जर्सी में ३१ वर्ष से कम उम्र के युवा वयस्कों के लिए व्याप्ति डी.यू ३१ (DU31) कानून के अन्तर्गत है। डी.यू ३१ युवा वयस्कों को व्याप्ति जारी रखने में या अभिभावकों के समूह योजना में ३१ वर्ष से कम पर अधिक उम्र  के आश्रित  के रूप में व्याप्ति पा सकते हैं। पात्रता और व्याप्ति की सीमाएं लागू हो सकती हैं। न्यु जर्सी स्वास्थ्य योजनाओं की अधिक जानकारी के लिए देखें **http://www.state.nj.us/dobi/division_consumers/index.htm.**

**सामाजिक सुरक्षा / चिकित्सा / मेडिकेड**: पूरक सुरक्षा आय (एस.एस.आई) एक संघीय कार्यक्रम है जो कि ज़रूरतमंदों को मासिक नकद भुगतान प्रदान करता है। एस.एस.आई ६५ वर्ष या उससे अधिक उम्र वाले व्यक्ति एवं दृष्टिहीनों तथा बच्चों सहित हर आयु कि अक्षम व्यक्तियों के लिए है। पात्र बनने के लिए या तो आय शून्य होनी चाहिए या बहुत ही कम संसाधन होने चाहिए। इसका अर्थ यह है कि यदि आप अविवाहित हैं तो आपकी कुल संपत्ति का मूल्य $ २००० से कम और यदि विवाहित हों तो $ ३००० से कम होना चाहिए। इसमें आपके घर का मूल्य सम्मिलित नहीं है। प्रायः आपकी कार का भी मूल्य सम्मिलित नहीं किया जाता है। कुछ अन्य संसाधन जैसे दफ़नाने के लिए खरीदी हुई ज़मीन इत्यादि का मूल्य भी सम्मिलित नहीं किया जाता है। एस.एस.आई प्राप्त करने के लिए कोई भी अन्य नकद लाभ जो आपको मिल सकता हो के लिए उसके लिए आपकोआवेदन देना होगा।आप का आवास यू.एस. (अमरीका) में होना चाहिए और यदि आप अमरीकीनागरिक न हों, पर अमरीकी के निवासी हों तो भी आप एस.एस.आई प्राप्त कर सकते हैं। यदि किसी युवा वयस्क (१८ वर्ष या अधिक उम्र) को पहले कभी एस.एस.आई के लिए अस्वीकार किया गया है तो वह अपनी वर्तमान आय (पारिवारिक आय नहीं) के आधार पर पुन: आवेदन दे सकते हैं। एस.एस.आई  के विषय में अधिक जानकारी के लिए १-८००-७७२-१२१३ (1-800-772-1213) पर कॉल करें। मेडीकैर ६५ वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों के लिए एक संघीय बीमा योजना है। यह ६५ से कम उम्र के कुछ अक्षम व्यक्तियों के लिए एवं अंतिम चरण के गुर्दा रोगियों (गुर्दे की स्थायी विफलता जिसका इलाज डायलिसिस या प्रत्यारोपण के साथ हो रहा है) के लिए भी उपलब्ध है । एस.एस.आई तथा अंतिम चरण के गुर्दा रोग के बारे में अधिक जानकारी के लिए ८००-७७२-१२१३ पर कॉल करें ।

एस.एस.आई आवेदन प्रक्रिया में फ़ार्म भरवाये जाएंगे, मेडिकल और वित्तीय प्रलेखन जमा कराए जाएंगे और एक बार स्थानीय सामाजिक सुरक्षा कार्यालय जाना पडेगा ।यदि आपके बच्चे की आवश्यकताएं जटिल हैं तो सामाजिक सुरक्षा की "प्रकल्पित पात्रता" के विषय में अवश्य पूछें। जहाँ तक हो सके, प्रत्यक्ष जाने के बजाय टेलिफोन से आवेदन के विषय में पूछ लेना अधिक आसान रहेगा। इसके अलावा, जब आप सामाजिक सुरक्षा विभाग को फोन करें, उनसे पूछें कि उन्होनेकौनसे आलेख डाक से भेजें हैं, जैसे कि मेडीकलरिकॉर्ड, क्योंकि आप यह लिख सकतें हैं कि आपका बच्चा किससे जाँच करवाता है, यह जानते हुए कि इस डॉक्टर या विशेषज्ञ के साथ आपके बच्चे का लंबा इतिहास रहा है , आप अधिक जानकारी भेज सकते हैं। यदि एस.एस.आई के लिए पात्र हैं तो लाभ की प्राप्ति में  कई महीने लग सकते हैं। आप चिकित्सा सहायता (मेडिकेड) भी ले सकते हैं। आपको एक अलग स्वीकृति पत्र और एक न्यू जर्सी मेडिकेड आईडी कार्ड प्राप्त होगा। न्यू जर्सी मेडिकेड एक राज्य कार्यक्रम है। मेडिकेड के विषय में कोई प्रश्न हो तो मेडिकेड हॉटलाईन ८००-३५६-१५६१ (800) 356-1561  पर या अपने स्थानीय चिकित्सा सहायता ग्राहक केंद्र पर संपर्क करें।http://www.state.nj.us/humanservices/dmahs/info/resources/macc/index.html.

बहुत कम आय वाले परिवार सामाजिक सेवाओं की अपनी काउंटी बोर्ड  के माध्यम से जर्सी केयर नामक "विशेष मेडिकेड" (www.state.nj.us/humanservices/dfd/programs/foodstamps/cwa/index.html) के लिए आवेदन कर सकते हैं। मेडिकेड घर और समुदाय आधारित छूट द्वारा अनेक प्रकार के अक्षमताओं के लिए अद्‌वितीय सेवाएं प्रदान करता है। छूट के कार्यक्रमों के बारे में अधिक जानकारी के लिए आप मानव सेवा विभाग (डी.एच.एस. DHS), अक्षमता सेवा संभाग से ८८८-२८५-३०३६ (1-888-285-3036) पर संपर्क कर सकते हैं।इसी तरह, न्यू जर्सी का सुकार्यता कार्यक्रम अक्षमता वाले उन लोगों को पूर्ण मेडिकेड स्वास्थ्य व्याप्ति प्रदान करता है जो कि कार्यरत है पर जिनकी कमाई उनको अन्यथा मेडिकेड के लिए अयोग्य ठहराता है।  न्यू जर्सी का सुकार्यता कार्यक्रम के विषय में अधिक जानकारी के लिए डी.एच.एस. अक्षमता सेवा संभाग से ८८८-२८५-३०३६ (1-888-285-3036)  पर संपर्क करें।

**संरक्षकता**: यदि आपको लगता है कि आपके बच्चे को १८ वर्ष के होने पर अपनी कानूनी क्षमता का प्रयोग करने में समर्थन की आवश्यकता होगी, तो आपको उसके १८ वर्ष के होने से पूर्व ही आंशिक या पूर्ण संरक्षण के विकल्प तलाशने की आवश्यकता होगी । अधिक जानकारी के लिए www.ganji.org और www.plannj.org देखें। यदि माता-पिता को कानूनी सहायता की जरूरत है, तो राज्यव्यापी अभिभावक हिमायती मंडली (स्टेटवाईडपेरेंटएडवोकेसीनेटवर्क) के पास भी संरक्षण कानून का अभ्यास करने वाले वकीलों की एक सूची है। (इस सूची पर हर उस वकील का नाम शामिल है जो कि सूची पर अपना नाम लिखवाना चाहे। यह किसी भी वकील का पृष्ठांकन नहीं है।)

**सहायक संकेत**: अधिकतर वयस्क कार्यक्रमों के आवेदन हाल ही के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी की आवश्यकता रखतें हैं और, आवश्यकता होने पर मेडिकलएक्ज़ाम के फॉर्म प्रदान करते हैं । संरक्षकता के लिए आपके बच्चे के १८ वर्ष के होने के ३० दिनों के भीतर दो डॉक्टरों की परीक्षा होनी चाहिए। क्योंकि कई डॉक्टरों के यहाँ प्रतीक्षा-सूची होती है, आप इस दौरान डॉक्टर से मिलने की योजना पहले से ही बना सकते हैं । आप डॉक्टरों द्वारा संरक्षकता, मेडिकेड एवं एस.एस.आई (संरक्षकता/मेडिकेड फॉर्मों की प्रतिलिपी बना सकते हैं) के फॉर्म भरवा सकतें हैं।

यदि आपका किशोर/किशोरी ड्राइव नहीं करने वाला हो तो १७ वर्ष की उम्र होने पर न्यू जर्सी मोटर वाहन विभाग (डी.एम.वीD.M.V) से गैर-चालक अक्षम पहचान पत्र (नॉन ड्राइवर हॅण्डीकॅप्ड़आई.डी) लेना सहायक होगा (www.state.nj.us/mvc/Licenses/NonDriverID.htm देख सकते हैं )। इस आई.डी को प्राप्त करने के लिए अपने किशोरों के जन्म प्रमाण पत्र, सामाजिक सुरक्षा कार्ड, रिपोर्ट कार्ड के साथ स्कूल की आई.डी, और अन्य फोटो पहचान पत्र (जैसे बच्चे की सुरक्षा कार्ड) लेकर डी.एम.वी जाएं । इस डी.एम.वी कार्ड को आपका किशोर कभी भी आवश्यकता पड़ने पर अपनी पहचान को प्रमाणित करने के लिए उपयोग कर सकता है।

**अन्य संस्थाएं जो स्वास्थ्य देखभाल के अवस्थांतर में मदद कर सकती हैं**

- विशेष बाल स्वास्थ्य सेवाएं काउंटी प्रकरण प्रबंधन इकाइयाँ www.state.nj.us/health/fhs/sch/sccase.shtmlया राज्य कार्यालय ६०९-७७७-७७७८ (609-777-7778)
- परिवार सहायता गठबंधन www.familysupportcoalition.org
- स्वतंत्र रहने के लिए केंद्रwww.njsilc.org
- न्यू जर्सी का मानव सेवा विभाग, अक्षमता सेवा संभाग  ८८८-२८५-३०३६ (888) 285-3036, या विकासात्मक अक्षमता विभाग ८००-८३२-९१७३  (800) 832-9173
- बॉग्स केंद्र के संसाधन http://rwjms.umdnj.edu/boggscenter/projects/keep_real_more.htmlऔर http://rwjms.umdnj.edu/boggscenter/products/BeingaHealthyAdultHowtoAdvocateforYourHealthandHealthCare.html

प्राकृतिक आपदाओं और अन्य आपात स्थितियों के लिए तैयार होने पर विशेष टिप्पणीप्राकृतिक आपदा या अन्य आपातकालीनस्तिथियों से बचने के लिए आप बहुत कुछ कर सकते हैं (www.familyvoices.org/pub/general/Disasters_&_Emergencies.pdf देखें)।www.state.nj.us/njoem/about/association.html पर आपातकालीन प्रबंधन के काउंटी कार्यालय की जानकारी दी गयी है जिनसे कि आप आगे की योजना बना सकते हैं। उदाहरण के लिए, यदि आपको बिजली जाने पर प्रशीतित दवा या चिकित्सा उपकरणों के वजह से "आपातकालीनजनरेटर" की आवश्यकता पड़ सकती है। अपनी बिजली कंपनी से पूछें कि क्या वे जानलेवा स्तिथियों में जनरेटर उपलब्ध कराते हैं या नहीं। बच्चों की आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं के लिए आप ६०९-६३३-७७७७ (609) 633-7777 पर संपर्क करना चाह सकते हैं। कृपया धयान दें कि यदि बीमा द्वारा भुगतान न होने कि स्तिथि में डी.डी.डी आपके चिकित्सा उपकरणों की लागत का भुगतान कर सकती है।

**अवस्थांतर पर स्पैन संसाधन**:

- स्वास्थ्य पेशेवरों के लिए अवस्थांतर संसाधन (माता-पिता के लिए भी उपयोगी!) Www.spannj.org/keychanges/TransitionResourcesHealthPractitioners.pdf
- समर्थ छात्रों के लिए प्रगतिजनकइंटरैक्टिवसीडी (काम, स्कूल, स्वास्थ्य) के लिए www.spannj.org/transition/TransitionCD/start.htm